परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती उत्तर प्रदेश पुलिस		दिनांक 25-04-2025

- **डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस लाईन व पुलिस कार्यालय सिद्धार्थनगर का किया गया वार्षिक निरीक्षण।**
- **पुलिस लाईन सभागार में किया गया सैनिक सम्मेलन तथा व्यापार मण्डल व मीडिया कर्मियों से की गयी वार्ता।**
- **सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनाँक-25.04.2025 को श्री दिनेश कुमार पी0, पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी व परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाईन परिसर का भ्रमण ,क्वार्टर गार्द, मेस,परिवहन शाखा ,आवासीय परिसर,बैरक आदि का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया | तत्पश्चात पुलिस कार्यालय सिद्धार्थनगर के विभिन्न शाखाओ (आसूचना विभाग,प्रधान लिपिक,आंकिक,डीसीआरबी,आईजीआरएस,जनशिकायत,महिला/विशेष जाँच प्रकोष्ठ आदि) का वार्षिक निरीक्षण किया गया |

पुलिस लाईन सभागार में सैनिक सम्मेलन किया गया सभी से उनकी विभागीय व व्यक्तिगत समस्याओ की जानकारी प्राप्त कर निराकरण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया | पुलिस लाईन सभागार में व्यापार मंडल/स्वर्ण व्यवसायीगण से वार्ता कर उनकी समस्याओ को सुनकर निराकरण हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को निर्देशित किया गया तत्पश्चात मीडिया कर्मियों से प्रेस वार्ता की गयी |

डीआईजी बस्ती द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिए गये –

01 पुलिस लाईन परिसर,बैरक ,शौचालय ,मेस ,पुलिस कार्यालय आदि की सफाई प्रतिदिन करायी जाये |

02 पुलिस कर्मी उच्च कोटि की निर्धारित वर्दी पहने |

03 आरक्षीगण के प्रस्तावित प्रशिक्षण जेटीसी/आरटीसी के दृष्टिगत उनके ठहरने के स्थान ,मेस ,बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाओ की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया |

04 सैनिक सम्मेलन प्रत्येक माह आयोजित हो तथा पुलिस कर्मियों की समस्याओ का यथाशीघ्र निस्तारण कर उन्हें अवगत कराया जाये व विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाये |

05 प्रारम्भिक जाँच का निस्तारण 15 दिन के अंदर किया जाये |

06 14 (1) व 14(2)की कार्यवाही का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाये |

07 चिकित्सा प्रतिपूर्ति के समस्त प्रकरणों का समय से निस्तारण कर बिल ट्रेजरी भेजकर यथाशीघ्र भुगतान कराया जाये |

08 कैश लेस हेल्थ कार्ड सभी अधिकारी कर्मचारी गण का शत प्रतिशत बनाया जाये |

09 मृतक आश्रित के सेवायोजन से सम्बंधित लंबित प्रकरणों व ग्राम चौकीदारों की नियुक्ति के सम्बन्ध में कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण किया जाये | 10 शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण समयान्तर्गत कराया जाये तथा फीडबैक लिया जाये |

11.रजिस्टरो /अभिलेखों में सभी प्रविष्टियो का अंकन कर अद्यावधिक कर लिया जाये |

12 आसूचना विभाग को नेपाल बॉर्डर व क्षेत्र के गतिविधियों के बारे में समय से सूचना संकलित करने व उच्चाधिकारीगण को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया |

सोशल मीडिया सेल

रेंज कार्यालय, बस्ती।